आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 02.09.2026
समय 0720

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बनबसा में शहीद स्मारक और झंडा पार्क का लोकार्पण किया। कहा– स्मारक, वीर सैनिकों के साहस और बलिदान की स्मृतियों को जीवंत रखेगा।
- राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने महिलाओं से एआई को अपनाने के साथ ही साइबर सुरक्षा के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।
- मानसून से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत का काम 15 सितंबर से युद्धस्तर पर शुरू होगा।
- और... राज्य में बारिश का दौर जारी, देहरादून, नैनीताल व बागेश्वर में ऑरेंज अलर्ट; पांच जिलों के स्कूलों में अवकाश घोषित।

भारत–नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारत–नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बनबसा में शहीद स्मारक और झंडा पार्क का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह स्मारक देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सैनिकों के साहस, त्याग और बलिदान की स्मृतियों को जीवंत रखेगा।

श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सीमावर्ती क्षेत्रों को अब देश के 'पहले क्षेत्र' के रूप में पहचान दी जा रही है।

राज्य स्तरीय महिला जागरूकता कार्यशाला

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने कहा है कि 21वीं सदी की एआई क्रांति के लिए भारत की महिलाएं पूरी तरह सक्षम, आत्मविश्वासी और तैयार हैं। श्रीमती कण्डवाल ऋषिकेश में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–यशोदा एआई एंड वुमेन' विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रही थीं।

श्रीमती कण्डवाल ने महिलाओं से आधुनिक तकनीक और एआई को अपनाने के साथ ही साइबर सुरक्षा के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि तकनीक से डरने के बजाय उसे सीखने और दैनिक जीवन में सही तरीके से उपयोग करने की आवश्यकता है।

राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से देहरादून स्थित लोक भवन में भारत के तीन उच्चायुक्तों ने मुलाकात की। जिसमें जाम्बिया, लिथुआनिया और जमैका में भारत के उच्चायुक्त शामिल रहे। इस दौरान राज्यपाल ने उच्चायुक्तों से उत्तराखंड के होमस्टे, योग, आयुर्वेद, मिलेट्स और स्थानीय उत्पादों को अपने–अपने देशों में बढ़ावा देने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि इससे राज्य के स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार मिलेगा। साथ ही युवाओं और स्वयं सहायता समूहों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

राज्यपाल ने उत्तराखंड की छात्राओं के लिए संबंधित देशों में स्टडी टूर और एक्सपोजर विजिट आयोजित करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे बालिकाओं को वहां की शिक्षा, संस्कृति और तकनीक को समझने का अवसर मिलेगा। साथ ही दोनों देशों के बीच युवा और शैक्षणिक आदान–प्रदान को बढ़ावा मिलेगा।

गड्ढामुक्त

प्रदेश में मानसून से क्षतिग्रस्त सड़कों को गड्ढामुक्त करने के लिए 15 सितंबर से मरम्मत और डामरीकरण का कार्य युद्धस्तर पर किया जाएगा। निर्माणदायी एजेंसियों ने अपने–अपने क्षेत्रों की सड़कों का सर्वेक्षण पूरा कर लिया है और विभिन्न कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया भी जारी है।

कैबिनेट मंत्री खजान दास ने ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने संबंधित विभागों और कार्यदायी संस्थाओं को मानसून समाप्त होते ही सड़क सुधार कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

क्षेत्रीय युवा संसद प्रतियोगिता

केंद्रीय विद्यालय संगठन, देहरादून के हाथीबड़कला स्थित केंद्रीय विद्यालय में 37वीं क्षेत्रीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में उत्तराखंड के विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों से चयनित आठ टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। यह प्रतियोगिता एक सितंबर से 30 सितंबर तक आयोजित की जा रही है।

इस अवसर पर मसूरी के पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला ने कहा कि युवा संसद प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को संसद और विधानसभा की कार्यप्रणाली को समझने और सीखने का अवसर मिलता है।

युवा संसद प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय कार्यप्रणाली की समझ, नेतृत्व क्षमता, तर्क–वितर्क और अभिव्यक्ति कौशल का विकास करना है।

रोपवे सेवा

टिहरी बांध प्रभावित प्रतापनगर विधानसभा क्षेत्र को जोड़ने वाली टिपरी–मदननेगी रोपवे सेवा बंद हो गई है। इससे बांध प्रभावित क्षेत्र के लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने बताया कि रोपवे संचालन के लिए नए टेंडर की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इस संबंध में शासन और सिडकुल को पत्र भेजा गया है तथा सेवा जल्द से जल्द बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

गौरतलब है कि सिडकुल की ओर से वर्ष 2012 से इस रोपवे का संचालन कराया जा रहा था। अवधि पूरी होने के बाद सोमवार शाम सिडकुल ने रोपवे सेवा बंद कर दी।

मौसम

मौसम विभाग ने आज देहरादून, नैनीताल और बागेश्वर जिलों में मूसलाधार बारिश का ऑरेंज अलर्ट घोषित किया है। वहीं, अन्य जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है।

विभाग के अनुसार राज्य में आगामी 7 सितंबर तक अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रह सकता है, जबकि कुछ स्थानों पर भारी बारिश की भी संभावना है।

वर्तमान मौसम की स्थिति को देखते हुए आज चंपावत, नैनीताल, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा और बागेश्वर जिलों के स्कूलों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया गया है।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार बारिश और भूस्खलन के कारण 100 से अधिक सड़कें अवरुद्ध हैं। पर्वतीय और मैदानी इलाकों में लगातार बारिश से नदी–नालों का जलस्तर भी बढ़ गया है।

प्रशासन ने लोगों से नदी–नालों से दूर रहने और संवेदनशील स्थानों पर जाने से बचने की सलाह दी है।